an>

Title: Regarding the traffic problem in Thane, Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा भिवंडी लोकसभा क्षेत्र मुम्बई से लगा हुआ है। वहां पर दिल्ली, अहमदाबाद, नौसारी, बड़ोदरा से पुराना आगरा रोड लगता है जिस पर ट्रकों की काफी आवाजाही होती है।...(व्यवधान) इस वजह से बहुत बड़े पैमाने पर ट्रैफिक होता है। मेरे लोकसभा के जिले ठाणे से होकर सारा ट्रैफिक मुम्बई जाता है इसलिए ठाणे में बॉटलनैक बन जाता है। अगर दो-चार किलोमीटर भी जाना होता है तो लोगों को तीन-चार घंटे तक ट्रैफिक में परेशान होना पड़ता है। ...(व्यवधान)

मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री से विनती है कि जो ट्रैफिक अहमदाबाद हाईवे और पुराने आगरा रोड से आता है, वह सारा हैवी ट्रैफिक रेलवे रोड और जेएनपीटी ऊरन के माध्यम से जाए तो लोगों को हैवी ट्रैफिक का सामना नहीं करना पड़ेगा।

माननीय अध्यक्ष:

श्री सुधीर गुप्ता को श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।